**मनमानी** ▶ कुलुवा शाला में एक शिक्षक व शिक्षिका अध्यापन कार्य करते मिले, अतिथि शिक्षक रहते हैं नदारद

# आठवीं के विद्यार्थियों को नहीं हैं अंग्रेजी का ज्ञान



**कुम्हारी नवभारत 11 सितंबर।** संकुल केंद्र कुम्हारी के अंतर्गत एकीकृत शाला कुलुवा जहां पर गुरुवार को दो शिक्षक विद्यालय में अध्यापन कार्य करते हुए नजर आए। शेष दो शिक्षक बीएलओ के प्रभार पर हैं, जो शासकीय कार्य से बाहर थे, वहीं पदस्थ अतिथि शिक्षक विद्यालय से नदारद मिले। शाला में कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

इस संबंध में पदस्थ प्रभारी पहाड़ी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दो प्रभारी हैं, जो बाहर गए हुए हैं। एक का प्रशिक्षण है तो दूसरे बैठक में शामिल होने गए है। अतिथि शिक्षक के संबंध में कहा कि जानकारी नहीं है वह कहां गए हैं। विद्यालय का संचालन विगत महीने शुरू हुआ और अब त्रैमासिक परीक्षा का सत्र आने लगा, ऐसे में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रही है।

### विषयवार पढ़ाई हो रही प्रभावित

एकीकृत शाला में करीब 172 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं, जिनकी विषयवार पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। एक ही विद्यालय में बने दो प्रभारी, जो छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने के लिए जिम्मेदार हैं। उनके ऊपर बीएलओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। छात्रों ने बताया कि विषयवार पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सितंबर माह में सामाजिक विज्ञान 2 अध्याय, संस्कृत दो पाठ, अंगेजी 3 लेसन, गणित 1 प्रशानवली, हिंदी 6 पाठ, विज्ञान 2 अध्याय तक कोर्स हुआ है, ऐसे मे छात्रों को भी चिंता सता रही है।

### अंग्रेजी के शिक्षक हमेशा विलंब से आते हैं

छात्र-छात्राओं ने बताया कि अंग्रेजी के शिक्षक हमेशा विलंब से आते हैं और हम लोग कक्षा छठवीं से आज आठवीं में आ गए हैं, लेकिन 3 वर्षों से लगातार अतिथि शिक्षक द्वारा अंग्रेजी पढ़ाई जा रही है। वे केवल बोलते हैं कि अंग्रेजी की किताब निकालो और उसे देखकर लिखो। इसलिए हम लोगों को आज भी अंग्रेजी पढ़ते नहीं बनती। कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने बताया कि अंग्रेजी विषय बहुत कठिन है और शिक्षक द्वारा नाममात्र की अंग्रेजी पढ़ाई जा रही है, ऐसे में हम लोग क्या करें। कुम्हारी संकुल के अंतर्गत ऐसे कई स्कूल है जहां शिक्षकों की मनमानी चलती है, क्योंकि इस क्षेत्र में कोई भी अधिकारी निरीक्षण के लिए नही आते, जिससे शिक्षक भय मुक्त है।

**इनका कहना है**

दो शिक्षक बीएलओ के कार्य से बाहर गए हुए हैं। अतिथि शिक्षक की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**पहाड़ी सिंह लोधी**
**प्रभारी प्रधान पाठक**



# एक ही कक्ष में लगतीं हैं पांच कक्षाएं

**कुम्हारी नवभारत 11 सितंबरन।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की प्राथमिक शाला कजरा माफी में 23 छात्र हैं, वहीं 8 छात्र विद्यालय में अध्ययन करते हुए नजर आये। प्रधान पाठक, जो कि 11 बजे के बाद विद्यालय पहुंचते हैं, वहीं अतिथि शिक्षिका समय पर पहुंचती है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि एक ही कक्ष में पांच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में विषयवार पढ़ाई और पांच कक्षाओं का एक कक्ष में संचालन गंभीर समस्या बना हुआ है। दूसरे कमरे में आंगनबाड़ी का संचालन हो रहा है। शिक्षण व्यवस्था कितनी गुणवत्तापूर्ण होगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। विद्यालय में कक्षों की कमी है, इसके अलावा जर्जर भवन में छात्र पढ़ने के लिए मजबूर हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा पत्राचार किया गया है, मगर अभी तक कोई भी उचित कदम नहीं उठाए गए।

**इनका कहना है**

शिक्षक यदि समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे तो नोटिस देकर कार्यवाही होगी।

**दिलीप उपाध्याय**
**बीआरसी, पटेरा**

## एक नजर में




### राज्यमंत्री पटेल का अखाड़ा समिति ने किया स्वागत

**नवभारत,बटियागढ़ 11 सितंबर।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल का गुरूवार को बटियागढ़ के अखाड़ा परिसर में श्री श्री 1008 श्री बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान अखाड़े के कलाकारों द्वारा राज्यमंत्री का अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर पं. नरेंद्र व्यास, अरविन्द पटेल, कमल मिश्रा, पहलवान सिंह, कमलेश सिंह, राजेश चोरसिया, साधुराम चोरसिया, ध्रुव धतुरहा, आनंद त्रिवेदी, रामावतार कुडेरिया, बलवान सिंह, बद्री विश्वकर्मा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 90 वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

**नवभारत,दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश पालन में



श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन व सुजीत सिंह भदौरिया अपुअ के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय अभियान चला कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जिले के समस्त थाना अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है. इस अभियान अंतर्गत गुरुवार को शहर के मारुताल चौराहे, हटा नाका व यातायात थाना के सामने प्वाइंट लगा कर यातायात पुलिस द्वारा चेंकिंग की गई, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 90 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई और 36200 रुपए का चालान शुल्क वसूला गया. इसके अलावा 2 ट्रेलर एवं 1 मोटर साईकिल का चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए जाने पर प्रकरण तैयार किए गए है।

### लीकेज से व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी



नवभारत,दमोह 11 सितंबर। ग्राम पंचायत पिपरिया हथनी के ग्राम हथनी में मुक्तिधाम के पास विगत एक सप्ताह से सतधरू डैम से सप्लाई होने वाला हजारों लीटर फिल्टर पानी लीकेज के कारण व्यर्थ बहता रहा.


### पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष बद्री पटेल का निधन

**नवभारत,पटेरा 11 सितंबर।** जनपद अंतर्गत ग्राम वमनपुरा निवासी व पूर्व



जनपद पंचायत अध्यक्ष बद्री पटेल का हृदय गति रुकने से शनिवार को निधन हो गया. उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. श्री पटेल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व जनहितैषी व्यक्तित्व के धनी थे. वे अपने सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के कारण हमेशा जनता के बीच लोकप्रिय रहे. उनके निधन को क्षेत्र की अपूरणीय क्षति माना जा रहा है. पूरे पटेरा क्षेत्र में दिनभर शोक का माहौल रहा.

# शराब बंदी लागू करने प्रस्ताव पारित



▶ ग्राम पंचायत सलैया ओर बमनीवासियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**कुम्हारी नवभारत 11 सितंबर।** ग्राम पंचायत सलैया और ग्राम पंचायत बमनी में अवैध शराब बिक्री को लेकर सरपंचों ने प्रस्ताव पारित कर शराब बंदी लागू करने की मांग की।

प्रस्ताव में कहा गया कि अवैध शराब से परिवार में कलह, घरेलू हिंसा, लड़ाई, झगड़ा आए दिन होते हैं, वहीं शराब के नशे में अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। शराब पीने से आर्थिक स्थिति खराब होने के साथ ही शारीरिक नुकसान भी होता है। ऐसे तमाम बिंदुओं पर चर्चा ग्राम पंचायत की बैठक में की गई। इसके बाद कुम्हारी में थाना प्रभारी बृजेश पांडे को ज्ञापन सौंपा गया।

### शराब बेचने वालों पर लगाए जुर्माना

ज्ञापन में अवैध रूप से शराब बिक्री बंद करने के साथ ही शराब बेचने .वालों पर जुर्माना की कार्रवाई करने की मांग की गई। पूरी पंचायत नशा मुक्ति के प्रति वचनबद्ध है और सभी शराब मुक्त जीवन जीना चाहते हैं। किसी तरह की समस्या होती है तो ग्रामीण पुलिस को या डायल 112 पर सूचना दे सकते हैं। इस अवसर पर गांव सलैया, सरपंच प्रतिनिधि नरेश राय, लक्ष्मण राय, संतोष खरे, मुन्ना राय, गणेश यादव, बमनी गांव से गुलाब सिंह सरपंच, भगवत यादव, नोने लाल, जगदीश राय आदि उपस्थित रहे।

# झाड़ फूंक करने वालों पर होगी कार्यवाही

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 11 सितंबर।** नगर तथा आसपास के ग्रामीणों को अगर बीमारी होने के अलावा गर्भवती महिलाओं और सर्पदंश के शिकार लोगों को अगर झाड़ फूंक करने और तंत्र मंत्र करने वालों के यहां पीड़ित की मौत होती है तो उन पर पुलिस में मामला दर्ज किया जाएगा.



यह बात तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने मीडिया से कही. वर्तमान में कई लोग सर्पदंश का शिकार होकर पहले झाड़ फूंक करने वालों के यहां जाते है, जिससे स्थिति बिगड़ जाती है. जब तक सर्पदंश के शिकार स्वास्थ केंद्र पहुंचते है काल के गाल में समा जाते है. इसी तरह गर्भवती महिलाएं, जो ग्रामीण परिवेश से होती है, खासकर दूर-दराज के इलाकों से वह दर्द होने पर झाड़ फूंक करने वालों के यहां पहुंच जाती है और उक्त लोग जल्दी ठीक होने और नार्मल डिलेवरी का कहकर अस्पताल जाने से रोक देते है और गर्भवती महिलाएं मौत का शिकार हो जाती है. अगर उक्त महिलाओं और उनके परिजनों द्वारा जानकारी दी गई तो उक्त लोगों पर मामला दर्ज कराया जाएगा.

# ग्राम पंचायत इमलिया सड़क के लिए मोहताज

▶ ग्रामीणों ने शासन से कई बार सड़क निर्माण की मांग की, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



**कुम्हारी नवभारत 11 सितंबर।** पटेरा जनपद से जुड़ी ग्राम पंचायत इमलिया में सड़क मार्ग ही नहीं है, जिससे पटेरा जाने आने में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पहुंच मार्ग पगडंडी है, बरसात में कीचड़ से लथपथ होकर जाना पड़ता है। विकास की दौड़ में सड़क निर्माण नहीं होना ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है।

सड़क की मांग को लेकर शासन प्रशासन को ग्रामीणों ने अवगत कराया है, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य किया जाए ताकि आने-जाने में होने वाली परेशानी दूर हो सके। अक्सर कर समस्या तब होती है जब मरीज को अस्पताल ले जाना पड़ता हे। गर्भवती महिलाओं को भी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। आजादी के 75 वर्षों बाद भी सड़क निर्माण नहीं होना विकास की बात करने वालों के मुंह पर करारा तमाचा है।

### इमलिया के निवासी प्राचीन सभ्यता जैसा जीवन जीने मजबूर

आखिर सड़क का निर्माण क्यों नहीं हो रहा? ग्राम पंचायत इमलिया की जनता ने शासन प्रशासन से सवाल किया है। ग्रामीणों ने कहा कि घाट पिपरिया से नओपट्टी आने वाले गांव तक ही सड़क बनी हुई है। इमलिया पहुंचने के लिए पगडंडी का सहारा है। पटेरा से आने के लिए कौआ खोह तक सड़क बनी है बीच में सड़क नहीं बनाई गई। उसके पीछे वजह क्या है यह कहा नहीं जा सकता। फिलहाल इमलिया के निवासी प्राचीन सभ्यता जैसा जीवन जीने के लिए मजबूर है। ग्राम की जनता ने जल्द ही शासन से सड़क के निर्माण की गुहार लगाई है।

# समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी की मांग

▶ भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**नवभारत,पथरिया 11 सितंबर।** भारतीय किसान संघ प्रतिवर्ष 11 सितम्बर को ज्ञापन दिवस के अवसर पर किसानों की विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर एवं उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपते हैं। इसी के तहत गुरुवार को पथरिया तहसीलदार को मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से फसलों का मुआवजा, इस वर्ष हुई अतिवर्षा से सोयाबीन उड़द, मूंग, अरहर की फसल नष्ट हो चुकी है, जिसका जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावे की राशि का पारदर्शी तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा पुन: फसल कटाई प्रयोग प्रारंभ किए जाएं। मक्का की खरीदी को समर्थन मूल्य पर तुरंत चालू किया जाए ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके। विगत दो माह से डी.ए.पी. एवं यूरिया की अनुपलब्धता से किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा इनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा मांग की गई है कि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा पशुओं की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। पथरिया क्षेत्र की बंद पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाए।













**लोक अदालत कल** ▶ प्रचार-प्रसार वाहन को न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# नेशनल लोक अदालत में शीघ्र न्याय प्राप्त होता हैं : न्यायाधीश




**नवभारत,दमोह 11 सितंबर।** जिला दमोह व तहसील न्यायालय हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा में 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत जागरूकता रथ को प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी ने विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रथ जिले में नेशनल लोक अदालत के लिए आम लोगों को जागरूक करेगा.

इस दौरान विशेष न्यायाधीश, प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी सहित जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, मनीष नगाइच,मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी, सहायक अभियंता मोतीलाल साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, मीडियाजन व न्यालय के कर्मचारीगण मौजूद रहे.

### 4 स्थानों पर लोक अदालत का होगा आयोजन

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी ने कहा कि जिले में कुल 4 स्थानों पर लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं, जहां पर 24 खंडपीठें काम करेंगी. उन्होंने कहा लोक अदालत में लोगों को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाने की मंशा से यह नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाती हैं.

### वर्ष में चार बार आयोजित होती है

इसमें तमाम प्रकार के राजीनामा योग्य, चैक बाउंस, चैक अनादरण, मोटर क्लेम, सिविल और अपराधिक प्रकरण में राजीनामा संभव हैं। अदालत का प्रयास होता है कि लोगों में भाईचारा, एकता और दृढ़ता बनी रहे और उनकी हमेशा के लिए दुश्मनी दोस्ती में बदल जाए. उन्होंने कहा लोक अदालत में जिन प्रकरणों का निराकरण होगा इसमें न कोई जीता न कोई हारा, दोनों जीते, ऐसा माना जाएगा और इसी उद्देश्य से नेशनल लोक अदालते वर्ष में 4 बार आयोजित की जाती हैं.

### अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए

जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी ने अधिवक्ता संघ और न्यायाधीशगण से आग्रह करते हुए कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराया जाये, जिससे कि पक्षकारों के बीच विवाद का पारस्परिक सहमति से निराकरण होगा और मुकदमेबाजी व विवाद अंतिम रूप से समाप्त होंगे.

### प्रकाश मोदी का आज कुण्डलपुर आगमन

**नवभारत,दमोह 11 सितंबर।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य प्रकाश मोदी आज 11 सितम्बर को रात्रि 11:55 बजे कुण्डलपुर आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। आप 12 सितम्बर को प्रात: 8 बजे श्री बड़े बाबा के दर्शन, अभिषेक और पूजन करेंगे। श्री मोदी दोपहर 2 बजे कुण्डलपुर से दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे। आप अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट आयेंगे और अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक लेंगे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य श्री मोदी शाम 5 बजे विरागोदय क्षेत्र पथरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। आप रात्रि 8 बजे पथरिया से दमोह आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। आप 13 सितम्बर को पथरिया में आचार्य विशुद्व सागर के दर्शन करेंगे।